**कार्यालय नियंत्रक विधिक मापविज्ञान छत्तीसगढ़**
इन्द्रावती भवन खण्ड–ब तृतीय तल नवा रायपुर अटल नगर रायपुर 0771–2511727
Email-clm-cg@nic-in

क्रमांक 1316/विमा/प्रवर्तन/2020 रायपुर, दिनांक 23/12/2020

//परिपत्र//

छत्तीसगढ़ शासन विधिक मापविज्ञान विभाग, के अंतर्गत जारी समस्त अनुज्ञप्तियों का नवीनीकरण इस कार्यालय के परिपत्र क्र. 1069 दिनांक 29.10.2020 के तहत विभागीय वेबसाइट (legalmetrology.cg.nic.in) के माध्यम से किये जाने बावत् निर्देश जारी किया गया था। उक्त अनुक्रम में यह निर्देशित किया जाता है कि समस्त अनुज्ञप्तिधारी अपने अनुज्ञप्ति स्वतः नवीनीकरण Auto Renewal हेतु उन्हें अनुमति तभी दी जावेगी, जो विधिक मापविज्ञान अधिनियम 2009 के उपबंधों, नियमों या उसके अंतर्गत जारी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है। नवीनीकरण अवधि अधिकतम 5 वर्ष के लिए विहित है।

स्वतः नवीनीकरण 'Auto Renewal की प्रकिया निम्नानुसार है–

- विभागीय वेबसाइट (legalmetrology.cg.nic.in) में जावें।
- निर्माता एवं विक्रेता अनुज्ञप्तिधारी "सिंगल विंडों" में जाएं एवं सुधारक अनुज्ञप्तिधारी, "सुधारक लॉगइन" में जाएं।
- निर्माता एवं विक्रेता अनुज्ञप्तिधारी "सिंगल विंडों" में एवं सुधारक अनुज्ञप्तिधारी, "सुधारक लॉगइन" में रजिस्ट्रेशन करें। (रजिस्ट्रेशन करने के पूर्व मोबाइल नंबर, पेन कार्ड, आधार कार्ड तैयार रखें)
- रजिस्ट्रेशन उपरांत बनाये गये आईडी पासवर्ड का उपयोग कर लॉगइन करें।
- सर्विस को चयन करें।
- विधिक मापविज्ञान "अनुज्ञप्तियों का आटो रिनीवल" का चयन करें।
- अनुज्ञप्ति जिसका नवीनीकरण किया जाना है, उस अनुज्ञप्ति का क्रमांक अंकित करें।
- अनुज्ञप्ति में अंकित विवरणों का अवलोकन करें।
- अनुज्ञप्तिधारी स्वयं का वर्तमान फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करें।
- घोषणा–पत्र को पढ़कर घोषणा हेतु सलेक्ट करें।
- अनुज्ञप्ति नवीनीकरण शुल्क भुगतान हेतु Pay/भुगतान का आप्शन सलेक्ट करें।
- शुल्क का भुगतान ई–चालान के माध्यम से करें।
- नवीनीकृत अनुज्ञप्ति की एप्रुव्हड कॉपी डाउनलोड करें।

23/12/2020
नियंत्रक
विधिक मापविज्ञान, छत्तीसगढ़
नवा रायपुर अटल नगर

पृ. क्रमांक 1317/विमा/प्रवर्तन/2020 रायपुर, दिनांक 23/12/2020

प्रतिलिपिः–

01. समस्त सहायक नियंत्रक विधिक मापविज्ञान, छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
02. समस्त अनुज्ञप्तिधारी विधिक मापविज्ञान, छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित निरीक्षकों से संपर्क करें।

23/12/2020
नियंत्रक
विधिक मापविज्ञान, छत्तीसगढ़
नवा रायपुर अटल नगर

o/c

*Scanned by TapScanner*